# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,
## (नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
## कार्य परिषद की बैठक (संख्या 11/2023) दिनांक 03-12-2023 की कार्यवृत्त

### उपस्थिति

| | |
|---|---|
| 1- **प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति** | :–अध्यक्ष |
| 2- प्रो0 अरविन्द अवस्थी, प्रतिकुलपति | :–सदस्य |
| 3- अधिष्ठाता, आयुर्वेद संकाय (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 4- प्रो0 राज कुमार | :–सदस्य |
| 5- प्रो0 रुपेश कुमार | :–सदस्य |
| 6- प्रो0 बी0डी0 सिंह | :–सदस्य |
| 7- प्रो0 राम निवास सिंह | :–सदस्य |
| 8- प्रो0 अरविन्द मोहन (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 9- प्रो0 शीला मिश्रा (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्या |
| 10- डॉ0 हिमांशू मोहन | :–सदस्य |
| 11- डॉ0 नन्द किशोर | :–सदस्य |
| 12- डॉ0 इन्दु सक्सेना | :–सदस्या |
| 13- डॉ0 जॉय सरकार | :–सदस्य |
| 14- प्रो0 रजनी कांत श्रीवास्तव (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 15- श्री धर्मेन्द्र सिंह (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 16- डॉ0 जगन्नाथ गुप्ता (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 17- जस्टिस रंजना पांडया | :–सदस्या |
| 18- प्रो0 कल्पलता पाण्डेय (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्या |
| 19- डॉ0 विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव | :–पदेन सचिव |

श्री विद्यानन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक एवं श्रीमती हिमानी चौधरी, वित्त अधिकारी लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहें, सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया।

बैठक के आरम्भ में नवागत कार्य परिषद सदस्य प्रो0 रुपेश कुमार, समाजकार्य विभाग, डॉ0 हिमांशू मोहन, एसोसिएट प्रोफेसर, व्यापार प्रशासन विभाग एवं डॉ0 इन्दू सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायनशास्त्र विभाग का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्य प्रो0 अनूप कुमार भारतीय, समाज कार्य विभाग, डॉ0 राजेश बाबू शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग एवं डॉ0 प्रेरणा माथुर, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राच्य संस्कृत विभाग को कार्य परिषद सदस्य के रूप में उनके द्वारा दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात कार्य परिषद के नवनियुक्त माननीय सदस्यों से परिचय एवं समस्त मा0 सदस्यों के स्वागतोपरान्त अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# कार्यवृत्त 11/2023

**विनिश्चय संख्या 2023/11/01:-** कार्य परिषद की बैठक (संख्या 10/2023) दिनांक 17-10-2023 की कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक संख्या 10/2023 दिनांक 17-10-2023 के कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही पर मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/02:-** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति की नियुक्ति के संबंध में निर्गत पत्र संख्या जी0ए0–26666–700 दिनांक 25.11.2023 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति की नियुक्ति के संबंध में निर्गत पत्र संख्या जी0ए0–26666–700 दिनांक 25.11.2023 से अवगत हुई, तथा नवनियुक्त प्रतिकुलपति का स्वागत किया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/03:-** विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समिति की संस्तुतियों पर निर्णय।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समितियों की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा सचिव/कुलसचिव को निर्देश प्रदान किया गया।

तत्पश्चात संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे खोले गये, जिनका विवरण निम्नवत हैं:–

**कैरियर एडवान्समेंट योजना (CAS) के अर्न्तगत दिनांक 03-11-2023 को Ancient Indian History & Archaeology विभाग एवं दिनांक 02-12-2023 को Anthropology विभाग की सम्पन्न स्क्रीनिंग/चयन समिति की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद को निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे खोले गये, जिनका विवरण निम्नवत हैं:–**

| क्रम संख्या | शिक्षक का नाम | पद नाम | विभाग का नाम | प्रोन्नति का पदनाम | अनुमन्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Dr. Durgesh Kumar Srivastava | Associate Professor | A.I.H | Professor | 26-07-2022 |
| 2- | Dr. Anitya Gaurav | Assistant Professor | A.I.H | Associate Professor | 08-03-2017 |
| 3- | Dr. Keya Pandey | Associate Professor | Anthropology | Professor | 10-06-2019 |

**विज्ञापन संख्या आर/01/2023 द्वारा प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष दिनांक 03-11-2023 को सम्पन्न चयन समिति की निम्नवत संस्तुति पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः–**

| पद नाम | विभाग का नाम | श्रेणी | संस्तुति | प्रतिक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| Professor | Ancient Indian History and Archeology | UR | Umesh Singh | Surabhi Srivastava |
| Associate Professor | Ancient Indian History and Archeology | UR | Umesh Singh | Akhilesh Kumar |

विज्ञापन संख्या आर/01/2023 द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर के विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष दिनांक 02-12-2023 को सम्पन्न चयन समिति की निम्नवत संस्तुति पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| पद नाम | विभाग का नाम | श्रेणी | संस्तुति | प्रतिक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| Associate Professor | Journalism & Mass Communication | UR | Sourabh Malviya | Ruchita Sujai Chowdhary |

**विनिश्चय संख्या 2023/11/04:-** लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वे दीक्षान्त समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में।

**लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वे दीक्षान्त समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष कार्यपरिषद ने सदन को अवगत कराया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा पद्मश्री प्रो0 बलराम भार्गव, Ex DG, Chief Cardiothoracic Surgery, AIIMS, New Delhi को मुख्य अतिथि के रुप में आंमत्रित किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की हैं, एवं डॉ0 सन्दीप गोयल, Chief Operting Officer, Zee Group को मानद् उपाधि प्रदान किये जाने से अवगत कराया। मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति द्वारा दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में समस्त व्यवस्था एवं क्रियाकलाप के सम्बन्ध में मा0 कार्य परिषद को विस्तृत रुप से अवगत कराया , जिस पर मा0 परिषद ने अवगत होते हुये सहमति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/05:-** भवन एवं कार्य समिति (Building and Works Committee) की दिनांक 26.10.2023 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्त मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**भवन एवं कार्य समिति (Building and Works Committee) की दिनांक 26.10.2023 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति पर व्यापक चर्चा उपरान्त परिषद अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/06:-** श्री मुकेश धर दुबे, कनिष्ठ सहायक (निलम्बित कर्मचारी) के प्रत्यावेदन पर विश्वविद्यालय अधिवक्ता की विधिक राय (Legal Opinion) मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**मा0 परिषद द्वारा व्यापक विचार–विमर्श के उपरान्त अधिवक्ता की विधिक राय (Legal Opinion) के परीक्षण हेतु मा0 कार्य परिषद सदस्या जस्टिस श्रीमती रन्जना पाण्ड्या एवं निदेशक, विधिक प्रकोष्ठ को अधिकृत किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/07:-** अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा डॉ0 प्रवीण कुमार सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सक, लखनऊ विश्वविद्यालय को पूर्व की भाँति 01 दिन का व्यवधान देते हुए दिनांक 17.10.2023 से अग्रेतर 11 माह हेतु पूर्व शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सेवाविस्तार प्रदान किये जाने संबंधी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा डॉ0 प्रवीण कुमार सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सक, लखनऊ विश्वविद्यालय को पूर्व की भाँति 01 दिन का व्यवधान देते हुए दिनांक 17.10.2023 से अग्रेतर 11 माह हेतु पूर्व शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सेवाविस्तार प्रदान किये जाने संबंधी प्रकरण पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।**

## अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद

**विनिश्चय संख्या 2023/11/S01:-** डॉ0 सुरेन्द्र नाथ राय की बर्खास्तगी के क्रम में डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला, सहायक आचार्य, रक्षा अध्ययन विभाग, ल0वि0वि0 के सम्बन्ध में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS) के अर्न्तगत प्रोन्नति प्रदान किये जाने संबंधी प्रकरण पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा समिति की आख्या पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/11/S02:-** प्रो0 दिनेश कुमार शर्मा, वाणिज्य विभाग को राज्य सभा के सदस्य के रूप में नामांकन हेतु अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) तथा राज्य सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने की दशा में पूर्व स्वीकृत विशेष अवकाश की सीमा तक विशेष अवकाश यथावत स्वीकृत किये जाने के संबंध में निर्गत पत्र संख्या टी–19996–99 दिनांक 04.09.2023 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।**

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति पर कुलसचिव/सचिव द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

डॉ0 विनोद कुमार सिह
कुलसचिव/पदेन सचिव

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/पदेन अध्यक्ष